मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
(शासकीय कर्मचारी कल्याण संगठन)

क्रमांक 1339कक-1/84 भोपाल, दिनांक 29/11/84.

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मंडल ग्वालियर,
समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त जिलाध्यक्ष,
मध्यप्रदेश ।

विषय:- स्थापना शाखा में कार्यरत कर्मचारियों के स्थानान्तर के संबंध में ।

---

स्वच्छ एवं निष्पक्ष प्रशासन की दृष्टि से स्थापना शाखाओं में कार्यरत कर्मचारियों को 3 वर्ष के बाद अनिवार्य रूप से स्थानान्तरित करने के निर्देश इस विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ-सी/3-14/73/3/1 दिनांक 24-8-73 द्वारा प्रसारित किये गये है तथा इन निर्देशों को कड़ाई से पालन करने हेतु समय-समय पर निवेदन भी किया जाता रहा है ।

2/ शासकीय कर्मचारियों की समस्याओं एवं कठिनाईयों पर विचार करने के लिए डा०टुमनलाल, मंत्री, पशुधन एवं डेयरी विकास, की अध्यक्षता में गठित मंत्री मंडलीय उप-समिति ने भी इस प्रश्न पर विचार कर यह सिफारिश की है कि उक्त निर्देशों का दृढ़तापूर्वक पालन कराया जाय । उप समिति की यह सिफारिश शासन द्वारा मान्य की गई है । अत: आपसे निवेदन है कि उपरोक्त निर्देशों का दृढ़तापूर्वक पालन करने का कष्ट करें ।

(हस्ताक्षर)

(के०एन०श्रीवास्तव)
उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

Verma
14/12